# पोस्ट ग्रेजुएट गवर्नमेंट कॉलेज फॉर गर्ल्स ,सेक्टर -11, चंडीगढ़

COURAGE TO KNOW

**हिन्दी विभाग ( 2023-2024 )**

| क्रम संख्या | गतिविधि | आयोजन तिथि | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | हिंदी पखवाड़ा | 1 सितंबर से 14 सितंबर 2023 | 2 |
| 2 | अंतर राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस | 28 फरवरी 2024 | 3 |
| 3 | एलूमनी मिट | 28 फरवरी 2024 | 4 |

‘हिंदी पखवाड़ा’ के अंतर्गत ‘हिंदी दिवस समारोह’

‘राष्ट्रीय हिन्दी दिवस 2023’ पर हिंदी विभाग,स्नातकोत्तर राजकीय कन्या महाविद्यालय,सेक्टर -11, चंडीगढ़ की ओर से ‘हिंदी पखवाड़ा’ के समापन समारोह का आयोजन दिनांक 14.09.2023 को मल्टीमीडिया कक्ष में दोपहर 1.15 बजे लेकर 3.00 बजे किया गया। इस समारोह के मुख्य अतिथि प्रो. बैजनाथ प्रसाद, अध्यक्ष:हिन्दी विभाग,पंजाब विश्वविद्यालय,चंड़ीगढ़ ने मां सरस्वती के सामने दीप प्रज्वलन और माल्यार्पण किया। सरस्वती वन्दना सिमरनप्रीत कौर ने सस्वर प्रस्तुत की .मुख्य अतिथि प्रो. बैजनाथ प्रसाद का स्वागत प्रो अनिता कौशल,प्राचार्य,पी जी जी सी जी-11 ने लघु पौध देकर किया . डा. मोहन लाल जाट,विभागाध्यक्ष, हिंदी विभाग ने मुख्य वक्ता,प्राचार्य,उपाचार्य,उपस्थित संकाय सदस्यों और सभी छात्राओं का अभिनन्दन एवं स्वागत किया। प्रो. बैजनाथ प्रसाद ने हिंदी के महत्वपूर्ण विकास पर विस्तार से प्रकाश डाला और हिंदी भाषा की मूल शक्ति ,उसके संस्कारों और भारतीय जन-जीवन के जुड़ाव को विभिन्न उदाहरणों से समझाया और कहा कि हिंदी मात्र एक भाषा नहीं है ,वह हमारी मातृभाषा है जिसे हमें मां जैसा प्यार मिलता है . हमें हमारी मातृभाषा की जड़ों से कभी नहीं कटना चाहिए अपितु उसकी जड़ों को सींचते रहना चाहिए।

हिंदी पखवाड़ा में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं – कविता पाठ,निबंध लेखन,सुष्ठु हिन्दी लेखन,भजन गायन और पोस्टर-कोलाज बनाना आदि के विजेताओं को मुख्य अतिथि प्रो. बैजनाथ प्रसाद और प्राचार्य प्रो. अनिता कौशल ने प्रमाण- पत्र तथा पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सोनिया,कोमल गुप्ता और शमा ने सस्वर कविता पाठ किया जिस पर छात्राएं झूम उठी. भजन सिमरनप्रीत कौर एवं कोमल गुप्ता ने सुरमयी आवाज में प्रस्तुत किए जिसे सुनकर छात्राए भी गुनगुनाने लगी। इस अवसर पर उपाचार्य प्रो. गुनिता चड्ढा,डा. साधना वर्मा, डा. गुरदीप कौर,डा. जसपाल सिंह,डा. अम्बुज शर्मा,डा. चन्दन लाल गुप्ता,डा. निधि शर्मा, डा. अमनदीप कौर,डा.आशा रानी,डा. प्रकाशचंद्र आदि संकाय सदस्य उपस्थित रहे। डॉ. मीना रानी ने कार्यक्रम का संचालन किया और डा. कमल कृष्ण ने अतिथियों,वक्ता,प्राचार्य ,उपाचार्य और सभी श्रोताओं का धन्यवाद ज्ञापित किया।






**‘अंतर राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस’ पर व्याख्यान**

“ नई शिक्षा नीति में मातृभाषा का महत्व” विषय पर हिन्दी विभाग की ओर से एक व्याख्यान का आयोजन दिनांक **28 फरवरी 2024** को **महाविद्यालय के मल्टीमीडिया कक्ष में** करवाया गया। कार्यक्रम के मख्य अतिथि प्रो अशोक कुमार सभरवाल ,अध्यक्ष : हिंदी विभाग, पंजाब विश्वविद्यालय थे. कार्यक्रम 01.30 बजे शुरू हुआ और 02.35 मिनिट पर समाप्त हुआ. डा. मोहन लाल जाट ,हिन्दी विभागाध्यक्ष ने उपस्थित मुख्या वक्ता- प्रो. अशोक कुमार सभरवाल,प्रो. अनिता कौशल (प्राचार्य),श्री अजय कुमार शर्मा (डीन), प्रोफेसर्स और छात्राओं का हार्दिक स्वागत और अभिनन्दन किया और कहा कि मातृभाषा पर गर्व होना चाहिए न कि शर्मिंदगी महसूस करनी चाहिए। मुख्य वक्ता प्रो. अशोक कुमार सभरवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि माँ जैसे हमारा पालन-पोषण वात्सल्यपूर्वक करती है,ठीक वैसे ही हमारी मातृभाषा में हमारे भाव और विचार पनपते है ,जो कभी समाप्त नही होते है. हम भी माँ और मातृभाषा का ख्याल रखे,उनका सम्मान करे तो हमारी उन्नति निश्चित है। हमारी ‘नई शिक्षा नीति 2020’ में भारत की मातृभाषाओ को बहुत महत्त्व दिया गया है जिसे अपनाकर हम हमारा ज्ञान-विज्ञान और संस्कृति को पुनर्जीवित-पुन: संरक्षित कर सकते है। कार्यक्रम के अंत में हिंदी विभाग की ओर से मुख्य वक्ता और एलुमनाई को हिंदी की पुस्तेकें भेंट की गई। कार्यक्रम में महाविद्यालय के विभिन्न विभागों के प्रोफेसर्स – डा. कमल कृष्ण,डा. मीना रानी,डा. चंदनलाल गुप्ता,डा.निधि शर्मा, डा. अमनप्रीत कौर आदि उपस्थित रहे. इसमें प्रथम,द्वितीय और तृतीय वर्ष की लगभग 153 छात्राएं उपस्थित रही।






# अलूमनाई मिट का आयोजन

हिन्दी विभाग की ओर से एक व्याख्यान  का आयोजन दिनांक **28 फरवरी 2024**  को **महाविद्यालय के मल्टीमीडिया कक्ष में**  करवाया गया .कार्यक्रम के मख्य अतिथि एलुमनाई डा.मनीषा प्रियंवदा थी . कार्यक्रम 01.30 बजे शुरू हुआ और 02.35 मिनिट पर समाप्त हुआ. डा. मोहन लाल जाट ,हिन्दी विभागाध्यक्ष ने उपस्थित मुख्या वक्ता- एलुमनाई डा.मनीषा प्रियंवदा, प्रो. अनिता कौशल (प्राचार्य),श्री अजय कुमार शर्मा (डीन), प्रोफेसर्स और छात्राओं का हार्दिक स्वागत और अभिनन्दन किया और कहा कि मातृभाषा पर गर्व होना चाहिए न कि शर्मिंदगी महसूस करनी चाहिए. मुख्य वक्ता डा.मनीषा प्रियंवदा ने अपने उद्बोधन में कहा कि मैंने इसी कॉलेज  में आकर स्टेज पर बोलना सीखा। इससे पहले मै  बहुत डरती थी। मेरी प्रिय सहेली डा.  मधु  गोसाई रही,जिन्होंने इसी कॉलेज में डेपुटेशन पर रहकर लंबे समय तक पढ़ाया और मैंने एम.  सी.  एम.  में पढ़ाया। सच में, यहां के प्रोफेसर बहुत मेहनत करते हैं बच्चों के साथ और उन्हें निरंतर आगे बढ़ाने का मौका देते हैं। मै भाग्यशाली हूँ कि इस कॉलेज में पढ़ने का सुअवसर मिला।

कार्यक्रम के अंत में हिंदी विभाग की ओर से मुख्य वक्ता और एलुमनाई को हिंदी की पुस्तेकें  भेंट की गई। कार्यक्रम में महाविद्यालय के विभिन्न विभागों के प्रोफेसर्स – डा. कमल कृष्ण,डा. मीना रानी,डा. चंदनलाल गुप्ता,डा.निधि शर्मा, डा. अमनप्रीत कौर आदि उपस्थित रहे. इसमें प्रथम,द्वितीय और तृतीय वर्ष की लगभग 153 छात्राओं  ने हर्षोल्लास के साथ भाग लिया।



